चित्रकूट पुलिस

(1). मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

आज दिनाँक 15.11.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा (थाना राजापुर द्वारा कस्बा राजापुर में,थाना सरधुवा द्वारा कस्बा में,थाना मानिकपुर द्वारा कस्बा मानिकपुर में,थाना मऊ द्वारा कस्बा मऊ में,थाना मारकुण्डी द्वारा ग्राम दीपू कोलान में,थाना पहाड़ी द्वारा कस्बा पहाड़ी में,) स्थानों पर भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाए जाने, अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में थाना बरगढ़ पुलिस टीम ने गैर इरादतन हत्या के शेष 01 आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त के नाम पता का विवरण-**

1. सौरभ पुत्र कैलाश सिंह पटेल निवासी ग्राम लपांव थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनाँक 09.11.2026 वादी रामगोविन्द पुत्र स्व. रामसजीवन सिंह पटेल निवासी लपांव द्वारा थाना बरगढ़ पर लिखित तहरीर दी गयी थी कि दिनांक 08.11.2026 को रात्रि 10 बजे वादी का लड़का सरदारी लाल तथा वादी के भाई का लड़का सौरभ उर्फ बिल्लू पुत्र कैलाश गांव की दुकान पर अण्डा खाये, अण्डे के पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ। जिस पर अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र सरदारी लाल को बुरी-बुरी गाली देते हुए लाठी-डण्डे से बुरी तरह मारा-पीटा गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई, सिर फटकर खून बहने लगा व शरीर में कई चोटें आई जिससे वह मौके पर बेहोश होकर गिर पड़ा। शोरगुल सुनकर काफी लोग आ गये व बीच-बचाव किया तो अभियुक्तगण जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। वादी द्वारा अपने पुत्र को डायल-112 के सहयोग से मऊ अस्पताल ले जाया गया जहाँ से जिला अस्पताल कर्वी रेफर कर दिया गया। स्थिति गंभीर होने पर परिजन दद्दन सिंह द्वारा सदगुरू हास्पिटल शंकरगढ़ में भर्ती कराया गया जहाँ घायल का इलाज चर रहा था ।

वादी की तहरीर के आधार पर थाना बरगढ़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 152/2026 धारा 110/115(2)/352/351(3) बीएनएस बनाम उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। दिनांक 10.11.2026 को सूचना प्राप्त हुई कि सदगुरु हॉस्पिटल शंकरगढ़ में सरदारी लाल पटेल की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मुकदमा उपरोक्त में धारा 105 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दिनाँक 10.11.2026 को थाना बरगढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 1. कैलाश पुत्र स्व. रामसजीवन सिंह पटेल 2. धीरू पुत्र कैलाश सिंह पटेल निवासीगण ग्राम लपांव थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष अभियुक्त 1. सौरभ पुत्र कैलाश सिंह पटेल निवासी ग्राम लपांव थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को दिनाँक 14.11.2026 को भौटी लपाव कल्ली रोड से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**

1.उ0नि0 श्री अमरेशचन्द्र तिवारी
2.आरक्षी आनन्द जयसवाल
3.आरक्षी अभिषेक सिंह

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 04 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

(i).उ0नि0 श्री प्रभुनाथ यादव चौकी प्रभारी गनीवां मय हमराह थाना राजापुर द्वारा मु0अ0सं0 280/2022 धारा 323,504,506 भादवि0 व एनसीआर नं0 353/2020 के वारंटी अभियुक्त 1.चुन्नू उर्फ धर्मपाल पुत्र मातादीन 2.मातादीन पुत्र राजाराम निवासीगण कधवनिया थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii).उ0नि0 श्री कैलाश नाथ यादव मय हमराह थाना कोतवाली कर्वी द्वारा मु0नं0 212/2018 मु0अ0सं0 932/2016 धारा 379/411 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त शिवकुमार पटेल पुत्र भगवानदीन पटेल निवासी कल्ला थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(iii).उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर मय हमराह थाना कोतवाली कर्वी द्वारा मु0नं0 516/2021 मु0अ0सं0 267/2020 धारा 457,323,380,411 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त कुकुवी उर्फ अजय पुत्र हीरालाल आरख निवासी चितरागोकुलपुर सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।